दिनांक: ३०. 07. 2725 समय : 02.10PM

प्रादेशिक समाचार

बारिश समीक्षा

प्रदेश में लगातार बारिश का दौर जारी है। भारी बारिश से कई जिलों में निचले क्षेत्रों में पानी भर गया है और बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज पुलिस मुख्यालय के स्टेट कमांड सेंटर से प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अतिवर्षा से उत्पन्न बाढ़ एवं जन सुरक्षा प्रबंधन की समीक्षा की। समीक्षा के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि रीवा, गुना, दमोह, अशोकनगर, शिवपुरी आदि जिलों में करीब 2 हजार 900 बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित रेस्क्यू कर आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं हैं। उन्होंने कहा कि दो जिलों के लिए केंद्र सरकार से सहायता मांगी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि घबराएं नहीं, अपनी जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराएं, सरकार हर सम्भव मदद करेगी।

बारिश-प्रदेश 30.07.2025/02.10PM

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से जन-जीवन प्रभावित हुआ है। शिवपुरी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि मूसलाधार बारिश के बाद जिले के कई ग्रामीण अंचल और शहरी क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए हैं। केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शिवपुरी

में बाढ़ जैसे हालात निर्मित होने के बाद कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी सहित अशोकनगर व गुना के कलेक्टरों से वर्चुअल बैठक कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की समीक्षा की। वर्चुअल बैठक के दौरान श्री सिंधिया ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित गांवों में सुरक्षा, भोजन, पेयजल, चिकित्सा सहायता, तथा ज़रूरत पड़ने पर नाव और हेलीकॉप्टर जैसी सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। खंडवा में इंदिरा सागर बांध के 12 गेट एवं ओंकारेश्वर बांध के 17 गेट खोलें गए हैं। बैतूल में लगातार बारिश जारी है। उधर दमोह जिले में सभी जगह स्थिति सामान्य होने की खबर है। मौसम विभाग ने आज रायसेन, नर्मदापुरम और हरदा जिलों में मूसलाधार बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, भोपाल विदिशा सीहोर,राजगढ़ बैतूल खंडवा देवास शाजापुर गुना शिवपुरी नरसिंहपुर छिंदवाड़ा पाढुर्णा में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

**विधानसभा सत्र** 30.07.2025/02.10PM

राज्य विधानसभा के मॉनसून सत्र का आज तीसरा दिन है। आज सदन में 2 हजार 335 करोड़ रुपये के अनुपूरक बजट पर चर्चा हो रही है। वहीं आज सदन में चार संशोधन विधेयक भी पास होंगे। इस बीच मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के विधायकों ने सदन के बाहर आदिवासियों के लिए जल, जंगल जमीन के मुद्दे पर प्रदर्शन किया। विपक्ष के प्रदर्शन पर निशाना साधते हुए ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ दिखावे की राजनीति करती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी ईमानदारी से जनहित में काम कर रही है।

**लोकसभा-रेलवे सुरक्षा** 30.07.2025/02.10PM

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि वर्ष 2014-15 की तुलना में रेल दुर्घटनाओं में 77 प्रतिशत गिरावट आई है। लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में श्री वैष्णव ने बताया कि 2014-15 में रेल दुर्घटनाओं की संख्या 135 थी, जो 2024-24 में घटकर 31 हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने **कवच** जैसी नई प्रौद्योगिकी लाकर यात्रियों और रेलवे की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। **कवच,** स्वदेश विकसित स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली है।

**खेल प्रतिभा** 30.07.2025/02.10PM

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सांरग ने कहा है कि खिलाड़ी पूरी क्षमता के साथ अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें और मध्यप्रदेश का नाम देश में रोशन करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खेलों के उन्नयन के लिये हर सुविधा मुहैया करवा रही है। श्री सारंग कल भोपाल के तात्या टोपे खेल स्टेडियम में राज्यस्तरीय बॉक्सिंग चेंपियनशिप के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने उत्कृष्ट खिलाड़ियों और टीम को पुरस्कार वितरण भी किया।

**संक्षिप्त समाचार** 30.07.2025/02.10PM

- नर्मदापुरम जिले का प्रसिद्ध 10 दिवसीय नागद्वारी मेले का कल समापन हुआ, यहां लगभग 6 लाख से अधिक श्रद्धाल दर्शन करने पहुंचे
- खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने "अमृत संचय अभियान" के तहत सभी अधिकारियों-कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों के शासकीय एवं अशासकीय आवासों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगवाने के निर्देश दिए।
- इंदौर संभाग के सभी जिलों में अगस्त के दूसरे पखवाड़े से 30 नवम्बर तक 30 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिसमें एलोपैथी के साथ आयुष और होम्योपैथी के विशेषज्ञ डॉक्टर भी इलाज करेंगे।
- खेल और युवा कल्याण विभाग डिण्डौरी एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कल पुलिस लाईन स्थित व्हालीबॉल मैदान में नशे से दूरी है। जरूरी अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम और व्हालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।